19. दिव्य हिमाचल 8/07/2026

## शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के आदर्शों पर चलें लोग



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अव[illegible]र महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद, शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी, एन[illegible] कैडेट्स और विद्यार्थियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। [illegible]चार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि कैप्टन विक्रम बतरा का अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। उन्होंने कारगिल युद्ध में उनके अद्वितीय शौर्य और ये दिल मांगे मोर के अमर उद्घोष को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और सेवा-भाव को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

पंजाब केसरी 8/07/26

# शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को पालमपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि

## महाविद्यालय, रोटरी क्लब और इन्नरव्हील क्लब ने किया नमन

पालमपुर, 7 जुलाई (भृगु/सुरेश): कारगिल युद्ध के परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की पुण्यतिथि पर सोमवार को पालमपुर में विभिन्न संस्थाओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, रोटरी क्लब पालमपुर और इन्नरव्हील क्लब पालमपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. पंकज सूद, शिक्षकों, कर्मचारियों, एन.सी.सी. कैडेट्स और विद्यार्थियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा का जीवन युवाओं के लिए साहस, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और शहीद के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब पालमपुर की ओर से अध्यक्ष डॉ. राजेश सूद, सचिव डॉ. अरुण व्यास, पूर्व अध्यक्ष अजय सूद, राघव शर्मा, सुरेंद्र मोहन, मनोज सूद तथा शहीद मेजर सुधीर वालिया के परिजन प्रवीण अहलूवालिया सहित अन्य सदस्यों ने भी शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं इन्नरव्हील क्लब पालमपुर की अध्यक्ष वंदना शर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा का बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में आभा पीटर, पूनम सूद, सीमा शर्मा, किरण शर्मा, अनीता कपूर, रेखा, मधु नेगी, ज्योति ठाकुर, विपना शर्मा, पुष्पा महाजन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## कैप्टन विक्रम बत्रा का शौर्य और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा : आशीष

पालमपुर, 7 जुलाई (गौरव): कारगिल युद्ध के अमर नायक एवं परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर नगर निगम पालमपुर परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पालमपुर की धरती ने देश को ऐसा वीर सपूत दिया, जिसने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने युवाओं से कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र प्रथम की भावना, अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और समर्पण को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



पालमपुर : कारगिल युद्ध के अमर नायक तथा परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल। (गौरव)

classmate

हिमाचल दस्तक 8/07/26

## रेनू डोगरा अध्यक्ष नियुक्त

पालमपुर। प्रदेश राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ की स्थानीय इकाई का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में रेनू डोगरा को अध्यक्ष, राजीव भोरिया को उपाध्यक्ष, डॉ. रविंदर ठाकुर को महासचिव, पूजा को संयुक्त सचिव तथा प्रो. आदित्य भान ओझा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, डीपीसी, सीएएस अधिसूचना तथा लंबित एरियर जैसे मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर चल रहे एचजीसीटीए के आंदोलन का समर्थन करते हुए शिक्षकों ने काली बैज पहनकर अपना विरोध दर्ज किया।

दैनिक जागरण 10/07/2026

## राष्ट्रीय ड्रोन प्रशिक्षण में मुस्कान का उत्कृष्ट प्रदर्शन



महाविद्यालय प्राचार्य से प्रमाण पत्र प्राप्त करती कैडेट मुस्कान ● सौ. महाविद्यालय।

संवाद सहयोगी, जागरण, पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर की एनसीसी कैडेट मुस्कान ने द्वितीय एचपी बटालियन एनसीसी, मंडी द्वारा 22 जून से एक जुलाई तक आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय ड्रोन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। शिविर में विभिन्न एनसीसी इकाइयों से चयनित 58 कैडेट्स ने भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ड्रोन संचालन, आधुनिक ड्रोन तकनीक, सुरक्षा मानकों और कृषि, आपदा प्रबंधन, सर्वेक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा निगरानी जैसे क्षेत्रों में ड्रोन के उपयोग का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद ने मुस्कान को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, मंच संचालन, संचार कौशल और सामाजिक जागरूकता जैसे गुणों का मूल्यांकन करेंगे। वंशिका राणा की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और मित्रों में खुशी का माहौल है।

पंजाब केसरी 10/07/2026

...कार के इस निर्णय से हजारों जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी

## राष्ट्रीय ड्रोन प्रशिक्षण शिविर में कैडेट मुस्कान ने बढ़ाया महाविद्यालय का मान



पालमपुर, 8 जुलाई (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एन.सी.सी. कैडेट मुस्कान ने 2 हिमाचल प्रदेश बटालियन एन.सी.सी. मंडी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय ड्रोन प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न एन.सी.सी. इकाइयों से चयनित 58 कैडेट्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ड्रोन संचालन, आधुनिक ड्रोन तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा कृषि, आपदा प्रबंधन, सर्वेक्षण, पर्यावरण संरक्षण और निगरानी जैसे क्षेत्रों में ड्रोन के उपयोग का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद ने कैडेट मुस्कान को इस उपलब्धि पर बधाई दी। महाविद्यालय की एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनैंट रेनु डोगरा ने कहा कि वर्तमान समय में ड्रोन तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

DATE

दिव्य हिमाचल 10/07/2026

## एनसीसी कैडेट मुस्कान ने बढ़ाया पालमपुर कालेज का मान

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट मुस्कान ने 10 दिवसीय राष्ट्रीय ड्रोन प्रशिक्षण शिविर में सफलतापूर्वक भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मंडी में आयोजित शिविर में देशभर की विभिन्न एनसीसी इकाइयों के 58 चयनित कैडेट्स ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन संचालन, आधुनिक तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा कृषि, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण में ड्रोन के उपयोग का व्यावहारिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य पंकज सूद ने मुस्कान को बधाई देते हुए इसे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात बताया।

दिव्य हिमाचल 19/07/2026

## बतरा कालेज में रैगिंग-नशामुक्त परिसर का दिया संदेश



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार के दिन बीसीए के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु एक दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रोफेसर पंकज सूद ने शिरकत की। बीसीए समन्वयक डाक्टर दिवाकर ने मुख्यातिथि एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषयों के चयन की स्वतंत्रता प्रदान करती है। इसके उपरांत डाक्टर बोविंद्र कटोच ने रैगिंग विरोधी दृष्टिकोण और नशा मुक्त वातावरण के प्रति सजगता पर बल दिया। प्रोफेसर विवेक चौधरी ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं की जानकारी दी। प्रोफेसर आदित्य ओझा ने एनसीसी, डाक्टर तनवीर ने ईआरपी, प्रणाली के उपयोग के बारे में और प्रोफेसर अतुल ने छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी सांझा की। इस अवसर पर प्रोफेसर कल्पना ऋषि, प्रोफेसर स्वाति सूद, प्रोफेसर महक, प्रोफेसर दिशा, प्रोफेसर नीतिका, प्रोफेसर निधि व प्रयोगशाला सहायक रिशु उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 19/07/2026

## नवप्रवेशी छात्रों के लिए कराया इंडक्शन कार्यक्रम



पालमपुर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र • सौ. महाविद्यालय

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को बीसीए के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति और विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराना था। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को विषय चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करती है और बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डा. बोविंदर कटोच ने रैगिंग विरोधी दृष्टिकोण और नशामुक्त परिसर के महत्व पर चर्चा की। (जासं)

classmate

DATE

507 दैनिक जागरण :- (508) दैनिक जागरण :-

26/07/2026 26/07/2026


राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में पौधारोपण के बाद प्राध्यापक व विद्यार्थी ● जागरण

## पालमपुर महाविद्यालय में किया पौधारोपण

संवाद सहयोगी, जागरण ● पालमपुर : कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को देवदार के पौधे रोपित किए गए। महाविद्यालय परिवार ने कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त जवानों को श्रद्धांजलि दी व उनके बलिदान को याद किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने वाले जवान हमारे सच्चे नायक हैं, हमें उनके बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। इस मौके पर प्रो. कल्पना ऋषि, इको क्लब की समन्वयक डा. मीनाक्षी ठाकुर, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा, प्रो. आदित्य भान, एनएसएस प्रभारी प्रो. राजीव भूरिया व प्रो. पूजा उपस्थित रहे।

## छात्रों को महाविद्यालय की कार्यप्रणाली बताई

संवाद सहयोगी, जागरण, पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को बीबीए प्रथम सत्र के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम "प्रारंभ" आयोजित किया गया। इसमें प्राचार्य प्रो. पंकज सूद मुख्य अतिथि रहे। बीबीए समन्वयक डा. प्रदीप सिंह ने मुख्यातिथि एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने बच्चों को नई शिक्षा नीति, महाविद्यालय की कार्य प्रणाली से अवगत करवाया तथा पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों तथा समाज के प्रति जिम्मेदारियां से अवगत करवाया।

हिमाचल दस्तक :- हिमाचल दस्तक :-

26/07/2026 26/07/2026

509

## नए छात्रों के लिए शुरू हुआ इंडक्शन कार्यक्रम

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को बीबीए प्रथम सत्र के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पंकज सूद मुख्यअतिथि रहे। प्राचार्य ने बच्चों को नई शिक्षा नीति, महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया तथा पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। प्रो. कल्पना ऋषि ने बच्चों को नैतिक मूल्यों तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां से अवगत करवाया। डॉ. बोविंद्र कटोच ने नशा मुक्ति एवं रैगिंग विरोधी दृष्टिकोण पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. अतुल चौधरी ने बच्चों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, प्रो. तनवीर ने महाविद्यालय वेबसाइट एवं इआरपी से बच्चों को अवगत करवाया।

510.

## पालमपुर में किया पौधरोपण

पालमपुर। करगिल विजय दिवस पर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में देवदार के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा करगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके बलिदान को याद किया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने देवदार के पौधे लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने वाले जवान हमारे सच्चे नायक हैं। हमें उनके बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। इस पावन दिवस पर इको क्लब, एनसीसी, एनएसएस द्वारा खेल परिसर में पौधरोपण किया गया। प्रो. कल्पना ऋषि, ईको क्लब की समन्वयक डॉ. मीनाक्षी ठाकुर, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा, प्रो. आदित्य भान, एनएसएस अधिकारी प्रो. राजीव भूरिया, प्रो. पूजा उपस्थित रहे।

511. दैनिक जागरण :
28/07/2026

(512) पंजाब केसरी :
28/07/2026

## 18 छात्राओं का एनसीसी में हुआ चयन

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में प्रथम एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन के तहत नए सत्र के लिए कैडेट चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान एनसीसी में प्रवेश के लिए 43 छात्राओं ने आवेदन किया, जिनमें से 18 छात्राओं का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों के शैक्षणिक रिकार्ड का मूल्यांकन किया गया। साथ ही लिखित परीक्षा आयोजित की गई तथा छात्राओं की शारीरिक दक्षता और फिटनेस का भी परीक्षण किया गया। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में प्रथम एचपी गर्ल्स बटालियन, सोलन से आए हवलदार विष्णु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा ने बताया कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। प्राचार्य पंकज सूद ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण मंच है। (संस)

## 43 छात्राओं ने लिया चयन प्रक्रिया में भाग, 18 छात्राओं का चयन

पालमपुर, 27 जुलाई (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 1 एच.पी. गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. सोलन के अंतर्गत नए शैक्षणिक सत्र के लिए एन.सी.सी. कैडेट्स की चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया में कुल 43 छात्राओं ने एन.सी.सी. में प्रवेश के लिए आवेदन किया, जिनमें से विभिन्न मानकों के आधार पर 18 छात्राओं का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड का मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही लिखित परीक्षा आयोजित की गई तथा छात्राओं की शारीरिक दक्षता और फिटनैस का भी परीक्षण किया गया। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने में 1 एच.पी. गर्ल्स बटालियन सोलन से आए हवलदार विष्णु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय की एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनैंट रेनू डोगरा ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का प्रभावी मंच है।

513. अमर उजाला :- 28/07/2026

## 43 छात्राओं में से 18 चुनीं एनसीसी कैडेट्स

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन के तहत नए सत्र के लिए एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में 43 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 18 का चयन हुआ। अभ्यर्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड, लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता के आधार पर चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में एचपी गर्ल्स बटालियन सोलन के हवलदार विष्णु ने सहयोग दिया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा ने चयनित छात्राओं से प्रशिक्षण में समर्पण के साथ भाग लेने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्राओं को अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना के साथ एनसीसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। संवाद

514 दैनिक जागरण
30/07/26

## निरीक्षण समिति ने पालमपुर महाविद्यालय का किया निरीक्षण



पालमपुर महाविद्यालय में निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य ● जागरण

पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर का बुधवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से आई निरीक्षण समिति ने दौरा किया। उप प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने निरीक्षण समिति का स्वागत किया। निरीक्षण समिति का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कोर्सेज की संबद्धता प्रदान करना था।

इनमें बीए, बीएससी मेडिकल और नान मेडिकल, बीकाम और एडडीपी, एमए इकोनामिक्स, अंग्रेजी, हिंदी, एमएससी जूलाजी, एमकाम, बीसीए, बीबीए और पीजीडीसीए शामिल हैं। यह निरीक्षण महाविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों की प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने के लिए किया गया। इस समिति में विश्वविद्यालय के उपकुलपति नामित सदस्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह नारटा, विषय विशेषज्ञ डा. संदीप कुमार, प्रो. कुलदीप कुमार, डा. सुखबीर सिंह, डा. हरनाम सिंह, डा. किशोर कुमार, डा. महेंद्र सिंह, डा. तिलकराज शर्मा शामिल रहे। निरीक्षण समिति ने प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और कोर्स चलाने के लिए संतोषजनक पाया।

classmate